# चेतावनी

## कनाडा में कैल्शियम युक्त नीम एक्टिव टूथपेस्ट में डिएथेलीन ग्लाइकोल होने का पता चला

**26 जुलाई, 2007**
**तत्काल प्रकाशन के लिए**

**ओटावा** – हैल्थ कनाडा, कनाडावासियों को चेतावनी देता है कि वे, भारत के कलकत्ता कैमिकल कं. लि. द्वारा निर्मित और कनाडा बाज़ारों में उपलब्ध कैल्शियम युक्त नीम एक्टिव टूथपेस्ट का उपयोग न करें क्योंकि इसमें अस्वीकार्य स्तर के डिएथेलीन ग्लाइकोल (DEG) होने का पता चला है।

DEG एक जहरीला रसायन है जिसका उपयोग कीलन-अवरोधक (antifreeze) में और घोलक (solvent) के रूप में किया जाता है। यदि यह पेट में चला जाए, तो इससे उल्टी आना, पेट में दर्द, चक्कर आना, पेशाब संबंधी समस्याएं, गुर्दे का काम करना बंद कर देना, सांस लेने में तकलीफ, आलस्य, मिर्गी, संज्ञा-शून्यता, और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। यद्यपि टूथपेस्ट को निगला नहीं जाता, फिर भी छोटे बच्चे इसे अक्सर निगल लेते हैं। DEG के चिरकालिक उपयोग से स्वास्थ्य को, खासकर बच्चों और गुर्दे या जिगर की बीमारी वाले उपभोक्ताओं जैसे असुरक्षित लोगों में स्वास्थ्य को होने वाला संभावित खतरा चिंता का विशेष विषय है।

यह चेतावनी हैल्थ कनाडा द्वारा, DEG युक्त चीनी टूथपेस्ट के बारे में जारी की गई पिछली चेतावनी के अनुसरण में है।

कैल्शियम युक्त नीम एक्टिव टूथपेस्ट पश्चिमी और एटलांटिक कनाडा के कई स्टोरों में पाया गया है, लेकिन यह पूरे देश के स्टोरों में उपलब्ध हो सकता है। हैल्थ कनाडा यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई कर रहा है कि ये उत्पाद बाज़ार से हटा लिए जाएं।

कैल्शियम युक्त नीम एक्टिव टूथपेस्ट कनाडा में बेचे जाने के लिए अनुमोदित नहीं है। कनाडा में बेचे जाने के लिए, फ्लोराइड युक्त जो टूथपेस्ट अनुमोदित है, उनमें या तो एक आठ अंकों वाली औषधि पहचान संख्या (DIN) या प्राकृतिक उत्पाद संख्या (NPN) होगी।

जिन उपभोक्ताओं के पास यह टूथपेस्ट है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे इसका उपयोग करना तत्काल बंद कर दें और सुनिश्चित करें कि ये उत्पाद बच्चों की पहुंच से दूर रहें। उपभोक्ताओं को चाहिए कि यह उत्पाद उन्होंने जिस स्टोर से खरीदा था उसे वापस कर दें। हैल्थ कनाडा को, आजतक, कैल्शियम युक्त नीम एक्टिव टूथपेस्ट से संबंधित DEG विषाक्तता से प्रतिकूल प्रतिक्रिया होने की कोई भी रिपोर्ट नहीं मिली है। यह उत्पाद बेचे जाने के लिए हैल्थ कनाडा द्वारा अधिकृत नहीं है। हैल्थ कनाडा अन्य अनिधिकृत टूथपेस्ट्स की जांच कर रहा है और जानकारी उपलब्ध होते ही जनता को नवीनतम सूचना दी जाएगी।

इस सिफारिशी-सूचना के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के इच्छुक उपभोक्ता हैल्थ कनाडा का सार्वजनिक पूछताछ लाइन (613) 957-2991 या टोल-मुक्त 1-866-225-0709 से संपर्क कर सकते हैं।

स्वास्थ्य संबंधी इस उत्पाद की किसी संदिग्ध प्रतिकूल प्रतिक्रिया की रिपोर्ट करने के लिए, कृपया हैल्थ कनाडा के कनैडियन एड्वर्स ड्रग रिएक्शन मॉनीटरिंग प्रोग्राम (CADRMP) से, नीचे दिए गए किसी भी तरीके से संपर्क करें :

…/2

टेलीफोन : 1-866-234-2345
फैक्स : 1-866-678-6789

CADRMP
मार्केटेड हैल्थ प्रॉडक्ट्स डायरेक्टोरेट
ओटावा, ON, AL 0701C
ई–मेल : cadrmp@hc-sc.gc.ca

प्रतिकूल प्रतिक्रिया की रिपोर्ट करने का CADRMP फॉर्म, जिसमें वह वर्ज़न भी शामिल है जिसे ऑन लाइन भरा और भेजा जा सकता है, हैल्थ कनाडा वेब साइट के MedEffect Canada area (www.healthcanada.gc.ca/medeffect) में स्थित है।

- 30 -

**मीडिया संबंधी पूछताछ :**
हैल्थ कनाडा
(613) 957-2983

*Également disponible en français*

**सार्वजनिक पूछताछ :**
(613) 957-2991
1-866 225-0709